YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

NEWS CLIPPING: 29.03.2017

DAINIK JAGRAN

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हिंदू नववर्ष पर तिलक लगाकर छात्रा का स्वागत करती हुई उसकी दोस्त • जागरण

हिंदू नववर्ष पर हुआ तिलक लगाकर स्वागत

जासं, फरीदाबाद: वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हिंदू नववर्ष का एक अलग अंदाज में स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय के विवेकानंद मंच के विद्यार्थियों ने प्रवेश द्वार पर सभी आने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों के मस्तक पर तिलक लगाकर उनका मुंह मीठा कराया। इस दौरान कुलपति डॉ. दिनेश कुमार ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। कुलपति ने अपने संदेश में कहा कि नववर्ष सभी के जीवन में नई उम्मीद, ऊर्जा, उमंग और उत्साह लेकर आए। हिंदू नववर्ष वसंत के आगमन, वृद्धि और समृद्धि के प्रतीक है और भारतीय संस्कृति में इस दिन का विशेष महत्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि नववर्ष पर अपने जीवन के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें हासिल करने के लिए प्रयास करें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा हिंदू नववर्ष की महत्ता पर व्याख्यान भी आयोजित किया गया और वृतचित्र के माध्यम से विद्यार्थियों को विक्रमी सम्वत के संबंध में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व अध्यात्मिक प्रासंगिकता के बारे में बताया गया।

NEWS CLIPPING: 29.03.2017

AMAR UJALA

तिलक लगाकर संवत्सर का स्वागत

छात्राओं ने नव संवत्सर पर तिलक लगाकर स्वागत किया।

अमर उजाला ब्यूरो

बल्लभगढ़।

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2074 का मंगलवार को अलग अंदाज में स्वागत किया गया। इस मौके पर विवेकानंद मंच के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार पर सभी आने वालों का माथे पर तिलक लगाकर स्वागत किया और मुंह मीठा करवाया।

इसके अलावा विश्वविद्यालय में भारतीय नववर्ष की महत्ता पर एक व्याख्यान भी आयोजित किया गया।

जिसमें वृत्तचित्र के माध्यम से विद्यार्थियों को विक्रम संवत के संबंध में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक प्रासंगिकता बताई गई। कार्यक्रम का संचालन सतपाल वर्मा ने किया।

इस मौके पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व कुलसचिव डॉ. संजय शर्मा ने विद्यार्थियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुलपति ने अपने संदेश में कहा कि नववर्ष विक्रम संवत्सर सभी के जीवन में नई उम्मीद, ऊर्जा, उमंग और उत्साह लेकर आए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नववर्ष पर अपने जीवन के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें हासिल करने के लिए प्रयास करें।

वृत्तचित्र के माध्यम से विद्यार्थियों को बताई विक्रम संवत की प्रासंगिकता

YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)

Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

NEWS CLIPPING: 29.03.2017

DAINIK BHASKAR

तिलक लगाकर किया स्वागत : वाईएमसीए विश्वविद्यालय में भारतीय नववर्ष का एक अलग अंदाज में स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय के विवेकानंद मंच के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार पर सभी आने वालों का मस्तक पर तिलक लगाकर स्वागत किया। उनका मुंह मीठा कराया। इस उपलक्ष्य में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय नववर्ष की महत्ता पर एक व्याख्यान भी आयोजित किया गया। वृत्तचित्र के माध्यम से विद्यार्थियों को विक्रमी संवत के संबंध में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक प्रासंगिकता के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन सतपाल वर्मा ने किया ।

NAVBHARAT TIMES

Photos : Mukesh Mondal and Shiv Kumar

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मनाया गया नया साल

तिलक लगाकर स्वागत किया

■ एस, फरीदाबाद : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वद्यिालय में विक्रमी संक्त 2074 का स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय के विवेकानंद मंच के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार पर सभी को तिलक लगाकर स्वागत किया और मुंह मीठा कराया। इस उपलक्ष्य में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। कुलपति ने कहा कि नववर्ष सभी के जीवन में नई उम्मीद, ऊर्जा, उमंग और उत्साह लेकर आए। विश्वविद्यालय की ओर से भारतीय नववर्ष के महत्व पर एक व्याख्यान भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सतपाल वर्मा ने किय।